प्रशासक प्रफुल पटेल ने दमण-दीव-दानह के सभी सचिवों, डीआईजी के साथ सिलवासा में विलीनीकरण पर लिया पावर प्रजेंटेशन

(असली आजादी न्यूज नेटवर्क) सिलवासा 5 दिसंबर। संघ प्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली के विलीनीकरण का विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के बाद इसकी आखिरी मंजूरी के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के बाद पास भेज दिया गया है। राष्ट्रपति की मुहर लगते ही मोदी सरकार में जम्मू कश्मीर के बाद एक बार फिर से देश का नक्शा बदलते हुए नजर आएगा। इसके पूर्व ही आज दोनों संघ प्रदेशों के प्रशासक प्रफुल पटेल ने सिलवासा स्थित सचिवालय में दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के सभी सचिवों तथा दोनों प्रदेशों के पुलिस मुखिया की उपस्थिति में विलीनीकरण के सभी तथ्यों एवं तकनीकी बारीकियों, विलीनीकरण के मसौदा प्रस्ताव पर पावर प्रजेंटेशन लिया। इस अवसर पर संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली के प्रशासक के सलाहकार अनिल कुमार सिंह, दोनों संघ प्रदेशों के पुलिस मुखिया डीआईजी ऋषि पाल, स्वास्थ्य सचिव डॉ. ए. मुथम्मा, कई मामलों के सचिव दानिश अशरफ जैसे कई आईएएस अधिकारियों एवं आईपीएस अधिकारियों के अलावा बैठक में नहीं उपस्थित होने वाले अधिकारियों से भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रणा की गई। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के न्याय एवं कानून विभाग द्वारा पिछले दिनों जारी किए गए सर्कुलर के आधार पर आज प्रशासक की अध्यक्षता में विलीनीकरण के पावर प्रजेंटेशन बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों से मिली



फाइल फोटो

जानकारी में बताया गया है कि इस बैठक में प्रशासक ने सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए विलीनीकरण के मसौदे को तत्काल आखिरी स्वरूप दिए जाने के आदेश दिया जिससे कि दोनों प्रदेशों के लोगों के साथ यथोचित न्याय किया जा सके।

असली आज़ादी Fri, 06 December 2019
https://www.readwhere.com/read/c/46576225